सं0सं0 7/विविध–31–09/06..897)
बिहार सरकार
स्वास्थ्य विभाग

प्रेषक,

संजय कुमार,
सरकार के संयुक्त सचिव।

सेवा में,

निदेशक, लोक स्वास्थ्य संस्थान, पटना।
सभी क्षेत्रीय उपनिदेशक, स्वास्थ्य सेवाएँ।
सभी सिविल सर्जन, बिहार।
सभी अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, बिहार।
अधीक्षक, सभी अनुमंडलीय अस्पताल।
उपाधीक्षक, सभी अनुमंडलीय अस्पताल।
उपाधीक्षक/प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, स्थानीय औषधालय।
सभी क्षेत्रिय मलेरिया पदाधिकारी/जिला मलेरिया पदाधिकारी।
सहायक निदेशक फायलेरिया, बिहार, पटना।
अपर निदेशक–सह–नियंत्री पदाधिकारी, मलेरिया/कुष्ठ एवं यक्ष्मा।
सभी जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी।
निदेशक, टी0बी0डी0सी0, पटना/दरभंगा।
सभी जिला यक्ष्मा पदाधिकारी, बिहार।
अधीक्षक, राज्य स्वास्थ्य भंडार, गुलजारबाग, पटना ।
अधीक्षक, महारानी जानकी कुंवर अस्पताल, बेतिया।
अधीक्षक, प्रभावती अस्पताल, गया।
अधीक्षक, संक्रामक रोग अस्पताल, पटना/गया।
अवर सचिव, मुख्यालय, स्वास्थ्य विभाग।
प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, सभी प्रा0स्वा0केन्द्र/सभी रेफरल अस्पताल।
राज्य औषधि नियंत्रक, बिहार, पटना।
संयुक्त खाद्य नियंत्रक, बिहार, पटना।
अधीक्षक, यक्ष्मा अस्पताल, कोईलवर।
अधीक्षक, प्रधान कुर्नन डिपो, पटना ।

पटना, दिनांकः– 24–7–12

विषयः–वित्तीय वर्ष 2011–12 के चतुर्थ तिमाही के प्राप्ति एवं व्यय के ऑकड़ों की की सूचना उपलब्ध कराने के संबंध में ।

प्रसंग– वित विभाग, बिहार, पटना के पत्र सं0–640वि0 दिनांक–21.06.12 ।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र की ओर आपका ध्यान आकृष्ट करते हुए कहना है कि चतुर्थ तिमाही जनवरी, 2012 से मार्च, 2012 की प्राप्ति एवं व्यय की ऑकड़ें निर्धारित प्रपत्र में भरकर वित्त विभाग को उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है । सुलभ प्रसंग हेतु उक्त पत्र की छाया प्रति संलग्न कर भेजते हुए अनुरोध करना है कि वांछित प्रतिवेदन शीघ्र विभाग को उपलब्ध करायी जाय जिसे समेकित कर वित्त विभाग को भेजा जा सके ।

अनु0–यथोक्त ।

विश्वासभाजन
23/7/12
(संजय कुमार)
सरकार के संयुक्त सचिव।

E:\budget 2011 12 upto Sept\DIPARTMENT 7\ChandraKetu\Letter.doc

पत्रांक-अ.पा.-59/2012-640/वि

बिहार सरकार
वित्त विभाग

प्रेषक,

रामेश्वर सिंह
प्रधान सचिव,

सेवा में,

प्रधान सचिव/सचिव,
सभी विभाग,
बिहार, पटना ।
(सूचना एवं जनसंपर्क, पिछड़ा एवं अतिपिछड़ा वर्ग, संसदीय कार्य, लघु जल संसाधन एवं लोक स्वा.अभि. विभाग को छोड़कर)

पटना, दिनांक- 21.6.2012

विषयः- वित्तीय वर्ष-2011-12 के चतुर्थ तिमाही के प्राप्ति एवं व्यय के आंकड़ों की सूचना उपलब्ध कराने के सम्बंध में ।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक विभागीय पत्रांक-अ.पा.-59/2012-536 दिनांक- 18.05.12 की ओर आपका ध्यान आकृष्ट करते हुए कहना है कि चतुर्थ तिमाही (जनवरी,12 से मार्च 2012) की प्राप्ति एवं व्यय के आंकड़े निर्धारित प्रपत्र में दिनांक- 31.05.2012 तक उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया था, जो अब तक अप्राप्त है ।

अनुरोध है, कि विहित प्रपत्र में चतुर्थ तिमाही (जनवरी-2012 से मार्च-2012) की प्राप्ति एवं व्यय की सूचना वित्त विभाग को दिनांक 29.06.2012 तक निश्चित रुप से उपलब्ध कराने की कृपा की जाए ।

विश्वासभाजन

(रामेश्वर सिंह)
प्रधान सचिव,